आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 274 | उज्जैन, रविवार 24 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# कटनी माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कॉन्क्लेव में हुए 3 एमओयू प्रदेश के लिये होंगे महत्वपूर्ण माइनिंग से है कटनी की पहचान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है। आप मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाईए, बड़े सपने देखिए, इन्हें पूरा करने में हम आपकी हर संभव मदद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से अपील की कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने



देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में आज हुई कॉन्क्लेव में मिले निवेश प्रस्ताव यह दर्शाते है कि देश के विभिन्न अंचलों के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश आकर्षित कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर्ष जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में खनिजों की खोज और खनन क्षेत्र में नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा में यह आयोजन बहुत सफल रहा है। कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये निवेश प्रस्ताव हमें और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। शासन ने खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया।

## 10KG चांदी, फॉरेन करेंसी और करोड़ों का कैश... ऑनलाइन गेमिंग मामले में ED का एक्शन, कांग्रेस MLA गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक कांग्रेस के विधायक को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान में 30 जगहों पर केसी वीरेंद्र की संपत्तियों और आवासों पर छापेमारी भी की और करोड़ों की रकम के साथ-साथ ज्वेलरी भी जब्त की। आरोप है कि विधायक कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटें चला रहे थे।

इडी ने बताया कि बेंगलुरु की टीम ने शुक्रवार को चित्रदुर्ग शहर के विधायक केसी वीरेंद्र और अन्य के खिलाफ 30 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें चित्रदुर्ग जिले में छह, बेंगलुरु में 10, जोधपुर में तीन, हुबली में एक, मुंबई में दो और गोवा में आठ परिसर शामिल हैं।

गोवा के ठिकानों में पांच कैसीनो शामिल थे - पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो। अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी से जुड़े एक मामले में ये तलाशी ली गई।

दुबई से भी निकला कनेक्शन- ईडी ने कहा, जांच से पता चला कि आरोपी किंग567, राजा567, पपीज003 और रत्ना गेमिंग जैसे नामों से कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट्स चला रहा था।

## यह कोई ऐसी दोस्ती नहीं जो कट्टी हो जाए, भारत-अमेरिका के मौजूदा रिश्तों पर बोले एस जयशंकर



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के बारे में बताते हुए कहा कि दोनों देशों की बीच व्यापार को लेकर बातचीत जारी है। लेकिन मुख्य बात यह है कि हमने इसमें कुछ रेड लाइंस तय कर रखी हैं, खास कर छोटे व्यापरियों और किसानों को लेकर।

जयशकंर ने कहा कि अभी भी व्यापार वार्ता चल रही है, किसी भी मायने में ऐसा नहीं कहा जा सकता कि बातचीत बंद है। लोग एक-दूसरे से बात करते हैं। ऐसा नहीं है कि वहाँ कोई कुट्टी है।

इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जहां तक सवाल रेड लाइंस का है तो ये मुख्य रूप से अपने किसानों और अपने छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस पर बहुत दृढ़ हैं। यह ऐसा कुछ नहीं है जिस पर हम समझौता कर सकें।

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि हमें यह समझना होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया के साथ, यहां तक कि अपने देश के साथ भी, व्यवहार करने का तरीका बिल्कुल असामान्य है।

## सावधान! व्हाट्सएप पर मिला शादी का कार्ड, क्लिक करते ही सरकारी कर्मचारी के खाते से उड़ गए दो लाख




नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के हिंगोली से साइबर ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शख्स को फोन पर व्हाट्सएप के जरिए शादी का कार्ड आया। देखने में ये कार्ड साधारण लग कर रहा था लेकिन जैसे ही इस पर क्लिक किया पीड़ित के खाते से करीब 2 लाख रुपए गायब हो गए।

साइबर ठगी का शिकार हुए सरकारी कर्मचारी को एक अंजान नंबर से 30 अगस्त को होने वाली एक शादी में आने का निमंत्रण मिला था। इस पर लिखा था, आपका स्वागत है। शादी में जरूर आइए। प्यार ही वो चाभी हो खुशियों के द्वार खोलती है। इसके साथ ही एक पीडीएफ फाइल भी अटैच थी।

क्लिक करते ही उड़े 1,90,000- दरअसल, ये पीडीएफ फाइल एक एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज फाइल थी जिसे शादी के कार्ड के रूप में दिखाकर यूजर के फोन को हैक करने और उसका संवेदनशील डाटा चुराने के लिए जिसका इस्तेमाल किया गया। जैसे ही पीड़ित ने फाइल पर क्लिक किया, साइबर ठगों ने डाटा एक्सेस कर लिया और 1,90,000 रुपये चुरा लिए।

साइबर ठगी का केस दर्ज- हिंगोली पुलिस स्टेशन और साइबर सेल डिपार्टमेंट में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शादी के निमंत्रण का यह घोटाला पिछले साल तब सामने आया जब कई लोगों ने इसमें अपना पैसा गंवा दिया।

बता दें कि ये फर्जीवाड़ा व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति को शादी का निमंत्रण मिलने से शुरू होता है। क्लिक करने के बाद, APK फाइलें फोन पर डाउनलोड हो जाती हैं, जिसके बाद साइबर अपराधी पीड़ित की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं।

## पाकिस्तान पर एक्शन जारी, भारतीय एअरस्पेस में नहीं उड़ सकेगा कोई विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 24 सितंबर तक बंद रखने की अवधि फिर से बढ़ा दी है। उधर पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 24 सितंबर तक बंद रखने की अवधि बढ़ा दी है।

दोनों देशों ने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग नोटिस टू एयरमैन जारी किए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, भारत ने 30 अप्रैल से अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। इनमें पाकिस्तानी एयरलाइनों और ऑपरेटरों की ओर से संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं।

लगातार बढ़ाई जा रही अवधि- तब से, भारत की ओर से इस प्रतिबंध को बढ़ा दिया गया है। 22 अगस्त को जारी नोटम के अनुसार, भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाकिस्तानी एयरलाइंस/ऑपरेटरों की ओर से संचालित/स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं, के लिए उपलब्ध नहीं होगा। हवाई क्षेत्र 23 सितंबर को 2359 बजे (यूटीसी) तक बंद रहेगा, जो 24 सितंबर को 0530 बजे (आईएसटी) तक होगा। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए विभिन्न उपायों के तहत यह प्रतिबंध शुरू में 24 मई तक था और बाद में इसे हर महीने बढ़ाया जाता रहा।

## डॉगेश भाई! तुम आगे बढ़ो..., आवारा कुत्तों पर SC के फैसले का रवीना टंडन ने किया स्वागत



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले पर अपना फैसला दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि कुत्तों को शेल्टर होम में नहीं रखा जा सकता है। जिन्हें रखा गया है उनको छोड़ना होगा। कोर्ट के इस फैसले पर जानी मानी कई हस्तियों की टिप्पणियां आई हैं। दरअसल, कई लोगों ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। इस बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी अपनी बात इस मुद्दे पर रखी है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण और नसबंदी के लिए निर्धारित पैसों का सही इस्तेमाल होना चाहिए।

# दोस्तों से ज्यादा उम्मीद होती है, भारत पर भारी टैरिफ लगाकर पछता रहा अमेरिका? ट्रंप के नेता बोले- PM मोदी तो दोस्त हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के रिश्तों में हाल ही में तनाव जरूर आया है, लेकिन अमेरिकी सांसद माइकल बॉमगार्टनर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ समय के लिए मतभेद हो सकते हैं, लेकिन रिश्ते फिर से मजबूत होंगे।



अमेरिकी सांसद ने कहा कि ट्रंप हमेशा समझौते करने वाले नेता माने जाते हैं और उन्होंने भारत की यात्रा का भी बहुत आनंद लिया था। उन्होंने कहा, ट्रंप भारत और पीएम मोदी को बहुत महत्व देते हैं। रास्ते में थोड़ी मुश्किलें जरूर आएंगी, लेकिन अंत में सब ठीक होगा।

भारी टैरिफ पर अमेरिकी सांसद का बयान- बॉमगार्टनर ने कहा कि भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ को गलत तरीके से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा, कभी-कभी दोस्तों से ज्यागा उम्मीदें रखनी पड़ती हैं और यही असल में भारत के प्रति सम्मान का संकेत है।

हाल के दिनों में अमेरिका ने भारत पर भारी टैरिफ लगाए हैं, खासकर रूस से तेल खरीदने को लेकर। अमेरिकी टैरिफ अब भारतीय निर्यात पर 50% से ज्यादा हो गए हैं, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की थी और इसे अनुचित बताया है। पीएम मोदी ने भी साफ कहा था कि किसानों और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा, चाहे इसके लिए कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

बॉमगार्टनर ने सहयोग बढ़ाने की अपील की- बॉमगार्टनर ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भारतीयों और भारतीय कंपनियों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग और बढ़ाना चाहिए ताकि आतंकवाद और अन्य रणनीतिक चुनौतियों से मिलकर निपटा जा सके।

भारतीय छात्र हमारे लिए जरूरी- उन्होंने वीजा समस्या पर भी बात की और कहा कि भारतीय छात्रों का अमेरिका में स्वागत है। उनका कहना था कि भारतीय छात्र अमेरिका की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करते हैं और पढ़ाई के बाद भारत लौटकर दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा बनाते हैं।

# मोदी US के अच्छे दोस्त, बहुत ज्यादा आदेश देना हमेशा...; अब अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री ने ट्रंप को सुनाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक रिश्तों में इस समय तनाव चल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया है। हालांकि, ट्रंप के इस फैसले पर अमेरिका के कई वरिष्ठ लोगों ने चिंता व्यक्त की है।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत जैसे सहयोगियों को अलग-थलग करने की चिंता पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने भी जताई है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि बिना किसी वास्तविक कूटनीतिक प्रयास के अल्टीमेटम देना महानता नहीं दर्शाता। इतना ही नहीं उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच के बीच तनाव को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

ये कोई महानता थोड़े है- जॉन केरी ने कहा कि हम चिंतित हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच यह टकराव दुर्भाग्यपूर्ण है। महान राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते, बल्कि इसके लिए कोई वास्तविक कूटनीतिक प्रयास करते, ताकि आम सहमति बनाने और सामान्य कामकाज के माध्यम से काम किया जा सके।

बता दें कि राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में सेवा दे चुके वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब, कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है।

भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव- बता दें कि हाल के दिनों में भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में तनाव देखने को मिल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान किया है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने कहा कि भारत और अमेरिका अपने व्यापार विवाद को सुलझा लेंगे।

# रूसी जासूस होने का आरोप... मस्क ने कहा था Snake, कौन हैं ट्रंप के भरोसेमंद सर्जियो गोर, जिन्हें भेजा गया भारत?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक करीबी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने भारत के लिए अपने नए राजदूत का एलान किया है। ट्रंप ने इसके लिए सर्जियो गोर को चुना है। दरअसल, सर्जियो वर्तमान राजदूत एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे। अभी तक की जानकारी के अनुसार, गोर फिलहाल व्हाइट हाउस के डायरेक्टर ऑफ प्रेसिडेंशियल पर्सनल के पद पर कार्यरत थे। अब वह एक नई जिम्मेदारी निभाएंगे। सर्जियो गोर डोनाल्ड ट्रंप के करीबी



माने जाते हैं। गोर का नाम पिछले कुछ समय में विवादों से भी जुड़ा रहा है।

कैसा रहा है सर्जियो गोर का सफर- बता दें कि सर्जियो गोर की उम्र महज 39 साल है। वह भारत में अमेरिका के अगले राजदूत होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, गोर का जन्म अज्बेकिस्तान ते ताशकंद में हुआ था। साल 1999 में गोर का पूरा परिवार शिफ्ट हो गया था। सर्जिया गोर ने लॉज एंजिलिस में अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की। बाद में उन्होंने वाशिंगटन विश्वविद्यालय से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया था।

ग्रेजुएशन के दौरान रही राजनीति में दिलचस्पी- बता दें कि जब सर्जियो गोर जब ग्रेजुएशन में थे, उसी समय से राजनीति में उनकी दिलचस्पी रही। शुरुआत के समय में उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी ज्वाइन की इसके साथ उन्होंने कई अमेरिकी सांसदों के साथ काम किया। इसके कारण उन्हें नई पहचान मिलनी शुरू हो गई। बाद में वह रिपब्लिकन के प्रवक्ता के रूप में जाने जाने लगे।

## पाकिस्तान में इमरान खान का भांजा गिरफ्तार, पुलिस पर घर से अगवा करने का आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भांजे शाहरेज खान को नौ मई 2023 के दंगों के मामलों में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

दरअसल, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने गुरुवार को दावा किया था कि शाहरेज खान को उनके घर से अपहरण कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहरेज खान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### *दंगे के मामले में वांछित*

वह नौ मई के मामलों में वांछित था और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोग किसी भी तरह की नरमी के हकदार नहीं हैं। इमरान खान के करीबी सहयोगी जुल्फी बुखारी ने गुरुवार देर रात कहा था कि अलीमा खानम (इमरान की बहन) के घर पर हमला बोला गया।

कर्मचारियों को पीटा गया और उनके बेटे शाहरेज का अपहरण कर लिया, जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। वह अंतरराष्ट्रीय एथलीट खिलाड़ी हैं।

## चीन में रेलवे पुल हुआ धराशाई, 12 मजदूरों की मौत; लाशों की तलाश में लगाए गए हेलीकॉप्टर और ड्रोन



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन में एक प्रमुख नदी पर निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने से 12 मजदूरों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए।

सरकारी मीडिया रिपोर्टों में जारी तस्वीरों में पुल का एक बड़ा हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है। पुल के डेक (सतह) का एक मुड़ा हुआ हिस्सा नीचे येलो नदी में लटक रहा है।

स्टील का तार टूटने से हुआ हादसा - शुक्रवार तड़के लगभग तीन बजे जब जब काम चल रहा था तो स्टील का तार टूट गया।

उस दारौन किंघई प्रांत में मौजूद पुल पर 16 मजदूर मौजूद थे।

लाशों की तलाश में लगाए गए हेलीकॉप्टर और रोबोट - लापता लोगों की तलाश में नावों, हेलीकॉप्टर और रोबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुल 1.6 किलोमीटर लंबा है और इसका डेक (ऊपरी सतह) नीचे नदी की सतह से 55 मीटर ऊपर है।

## अब मैं एक बड़ा फैसला लूंगा, पुतिन और जेलेंस्की को लेकर ट्रंप बोले- इनको साथ लाना तेल और सिरका मिलाने जैसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के बीच चल रहे शांति प्रयासों पर जल्द फैसला लेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर युद्ध विराम पर रूस नहीं तैयार होता है, तो उसे बड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, ट्रंप ने कहा कि पुतिन और जेलेंस्की को मिलाना तेल और सिरका जैसा है।



मैं इन हमलों से खुश नहीं हूं- ट्रंप- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि वह गुरुवार को यूक्रेन में एक अमेरिकी कारखाने पर हुए रूसी हमसे से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जारी किसी भी युद्ध से जुड़ी किसी भी चीज से खुश नहीं हैं।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह देखना चाहते हैं कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पहले मिलेंगे।

मैं बहुत महत्वपूर्ण फैसला लूंगा- वहीं, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूछा गया कि शांति वार्ता की स्थिति का आकलन करने के लिए निर्धारित दो हफ्ते की समय-सीमा के अंत में वह क्या करेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे पता चल जाएगा। मुझे लगता है कि मुझे रूस और सच कहूं तो यूक्रेन का रवैया भी पता चल जाएगा। इसके लिए दो लोगों की ज़रूरत होती है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इसके बाद मैं फैसला लूंगा कि हम क्या करेंगे और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला होगा।

उन्होंने कहा कि चाहे वह बड़े प्रतिबंध हों या बड़े टैरिफ या दोनों। या फिर हम कुछ न करें और कहें कि यह आपकी लड़ाई है।

## इसको मैं रख लूं क्या? फीफा विश्व कप ट्रॉफी पर आया ट्रंप का दिल; खास अपील पर इंफेंटिनो ने दिया ये जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने बताया कि 2026 फीफा वर्ल्ड कप का ड्रॉ 5 दिसंबर को वॉशिंगटन ष्ट के केनेडी सेंटर में आयोजित होगा। दरअसल, 48 टीमों वाली फुटबॉल चैम्पियनशिप का ड्रॉ अमेरिका की राजधानी के कैनेडी सेंटर में निकाला जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अमेरिका के 250वें फ्रीडम एनवर्सरी सेलिब्रेशन का शोपीस बताया। इस दौरान उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या वह स्वर्ण ट्रॉफी को अपने पास रख सकते हैं। जिसका वीडियो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



खेलों का सबसे बड़ा आयोजन- गत दिनों व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो के साथ खड़े ट्रम्प ने घोषणा करते हुए कहा कि यह खेलों में सबसे बड़ा, शायद सबसे बड़ा आयोजन है।

बता दें कि अगले साल होने वाले विश्व कप की मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा की जा रही है। इस आयोजन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बड़ी बातें कही हैं।

ट्रंप ने अपने हाथों में लिया विश्व कप का खिताब- बता दें कि अरबपति अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले इन्फेंटिनो घोषणा के समय विश्व कप अपने साथ लाए थे और उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को इस कप को अपने हाथ में लेने को भी कहा।

इस दौरान इन्फेंटिनो ने कहा कि केवल फीफा अध्यक्ष, देशों के राष्ट्रपति और फिर विजेता ही इसे छू सकते हैं, यह केवल विजेताओं के लिए है।

## न्यूयॉर्क में भीषण सड़क हादसा, यात्रियों से भरी बस पलटी; भारतीय समेत कई लोगों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। पुलिस ने बताया कि नियाग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क शहर लौट रही एक टूर बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

पेम्ब्रोक के पास I-90 पर हुई इस दुर्घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, जो बफेलो से लगभग 25 मील (40 किलोमीटर) पूर्व में है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा ली गई तस्वीरों में एक बस हाईवे से थोड़ी दूर पलटती हुई दिखाई दे रही है। इस हादसे में कुछ भारतीय नागरिकों की भी मौत हुई है।

हादसे पर पुलिस ने दी पूरी जानकारी- न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के प्रवक्ता, ट्रूपर जेम्स ओ कैलाहन ने कहा कि इस समय, कई लोगों की मौत, कई लोगों के फंसने और कई लोगों के घायल होने की सूचना है। कई एम्बुलेंस और मेडिकल हेलीकॉप्टरों ने दुर्घटनास्थल से मरीजों को निकाला।

मेडिना के पॉवेल स्टीफंस ने दुर्घटनास्थल से गुजरने के बाद द बफलो न्यूज़ को बताया कि सड़क पर हर जगह शीशे बिखरे हुए थे और लोगों का सामान बिखरा हुआ था। सभी खिड़कियाँ टूट गई थीं। राज्य पुलिस ने कहा कि बस में सवार ज़्यादातर यात्री भारतीय, चीनी और फ़िलिपीनो मूल के थे, और अधिकारियों ने आपातकालीन सहायता के लिए अनुवादकों को बुलाया था। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने एक्स पर कहा कि उन्हें दुखद टूर बस दुर्घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है और उनका कार्यालय पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

# 20 साल पुराने वाहन भी भर सकेंगे फर्राटा, लेकिन जेब करनी होगी ढीली; सरकार ने रजिस्ट्रेशन फीस की दोगुनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पुराने वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण को लेकर बदलाव किया है। नए प्रविधान में 20 वर्ष पुराने वाहनों का नवीनीकरण महंगा हो गया है। इसके लिए वाहन मालिकों को दोगुनी फीस देनी होगी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। केंद्र सरकार का मानना है कि नए नियम से प्रदूषण फैलाने वाले और पुराने वाहनों को धीरे-धीरे सड़कों से हटाया जा सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा में भी सुधार की उम्मीद है।

पुराने वाहनों के नवीनीकरण शुल्क में कोई बदलाव नहीं- 15 वर्ष पुराने वाहनों के नवीनीकरण शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सड़कों की सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण के लिए वाहनों की आयु 15 वर्ष रखी गई है। इसके बाद उनको कबाड़ घोषित करने का आदेश है। इसमें निजी वाहनों पर सख्ती न करके वाहनस्वामी की इच्छा पर छोड़ा गया था। यानी वाहनस्वामी 15 वर्ष पुराने वाहन को कबाड़ घोषित कर सकता है और चाहे तो उसका नवीनीकरण भी करा सकता है।

## राजस्थान में भीषण सड़क हादसा, पुष्कर जा रही यात्रियों से भरी जीप और बस में टक्कर से 4 की मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं चार लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने कहा कि हादसा लाडनूं-सुजानगढ़ मार्ग पर हुई जब मोमासर गांव से पुष्कर जा रही यात्रियों से भरी जीप राजस्थान रोडवेज की एक बस से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई।

जीप और बस की टक्कर- हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा किस वजह से हुआ है, पुलिस हादसे की वजह पता लगाने में जुटी है।

तीन महिलाओं सहित चार की मौत - मृतकों की पहचान शारदा देवी, लिछ्मा, तुलची देवी और ओमप्रकाश के रूप में हुई है, जबकि घायलों रूपा, भोजराज, मुरली और ममता का इलाज चल रहा है। कुछ अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## ट्रेन के AC कोच में मिला 8 साल की बच्ची का शव, मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस में मचा हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच के बाथरूम में कूड़ेदान के अंदर एक बच्ची का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। ट्रेन में बैठे लोगों को जब इस बारे में जानकारी मिली तो लोगों में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में इसकी सूचना रेलवे अफसरों को दी गई, जिसके बाद अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पुलिस ने ट्रेन के बाथरूम से बच्ची का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, इस मामले की जांच की जा रही है।

कितनी थी बच्ची की उम्र- बता दें, बच्ची का शव LTT कुशीनगर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22537 के एसी कोच B2 के बाथरूम में कूड़ेदान में मिला है। बच्ची की उम्र करीब 7-8 साल बताई गई है। जैसे ही लोगों ने बच्ची का शव देखा तो पुलिस-प्रशासन को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अफसर व पुलिस मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्ची का कहीं से अपहरण किया गया था। बच्ची का अपहरण उसके ही रिश्तेदार ने किया था। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है।

## कर्नाटक में बाइक टैक्सी को लेकर हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी, राज्य सरकार को दिए ये निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा है कि उसने राइड-हेलिंग कंपनियों को बाइक टैक्सी सेवाएं शुरू करने संबंधी कोई आदेश पारित नहीं किया है। जस्टिस विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार कानून के अनुसार बाइक टैक्सी एग्रीगेटर्स के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

दरअसल कर्नाटक की सड़कों पर बाइक टैक्सी की सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। लेकिन ऐसे कई मामले सामने आए, जिसमें प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत वाहन भी जब्त किए जा रहे हैं। इस पर टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा कि अधिकारियों को व्यक्तिगत वाहनों के मालिकों को निशाना बनाने से बचना चाहिए।

अदालत ने जल्दीबाजी में कार्रवाई न करने को कहा- इसके पहले 20 अगस्त को सुनवाई के बाद सरकार को यह तय करने का समय मिल गया था कि वह बाइक टैक्सी को लेकर कोई नीति बनाने का इरादा रखती है या नहीं। मामले की सुनवाई 22 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। शुक्रवार को एडवोकेट जनरल शशिकिरण शेट्टी ने अदालत को सूचित किया कि अनुमति संबंधी कोई न्यायिक आदेश न होने बावजूद कई ऑपरेटरों ने बाइक टैक्सी की सेवाएं शुरू कर दी हैं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि उसकी प्रारंभिक चिंता राइडर और ओनर को अनावश्यक कठिनाई से बचाने तक सीमित थी। कोर्ट ने राज्य से उनके खिलाफ जल्दबाजी में कार्रवाई न करने को कहा। इसके बाद एडवोकेट जनरल ने अदालत को आश्वासन दिया कि कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## राजस्थान में भारी बारिश से बिगड़े हालात, सवाई माधोपुर में नाव पलटने से एक शख्स की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से लगातार जारी बारिश के कारण स्थिति खराब हो गई है। भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। इस बीच सवाई माधोपुर में एक बड़ा हादसा हो गया।

यहां पर भारी बारिश के बाद 10 लोगों को ले जा रही एक देसी नाव पलट गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। वहीं, अन्य नाव सवार 9 लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

कैसे हुआ हादसा- जानकारी दें कि सूरवाल बांध पर 8-10 लोगों को ले जा रही एक नाव डूब गई। ग्रामीणों ने तीन लोगों को बचा लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अभी तक की जानकारी के अनुसार इस हादसे में एक शख्स की मौत की खबर भी है।

गुरुवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने सवाई माधोपुर में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के कारण बाढ़ के जैसे हालात पैदा हो गए हैं। कई रिहायशी बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। जगह-जगह पानी लगने के कारण यातायात बाधित हो गया है। जिले में सभी रेल सेवाओं को रोक दिया गया है।

लगातार बारिश के कारण स्कूल बंद- उधर, राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण पानी के उफान में एक 20 वर्षीय युवक की कार बह जाने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इंदौर के मोंटी तंवर राष्ट्रीय राजमार्ग 552 पर कुशालीदर्रा में पानी के तेज बहाव में डूब गए।

अभी तक की जानकारी के अनुसार, इंदौर के मोंटी तंवर राष्ट्रीय राजमार्ग 552 पर कुशालीदर्रा में पानी के तेज़ बहाव में डूब गए। इस घटना को लेकर पुलिस उपाधीक्षक (ग्रामीण) पिंटू कुमार ने कहा कि मोंटी अपने परिवार को निवाई में छोड़कर इंदौर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## मुझसे तो जबदस्ती कहलवाया गया था, धर्मस्थल में लाशें दफनाने के मामले में महिला का यू-टर्न



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के मंगलुरु के धर्मस्थल में लाशें दफन मामला अब विवाद का केंद्र बन गया है। जिस बुजुर्ग महिला सुजाता भट ने दावा किया था कि उनकी बेटी दक्षिण कन्नड जिले के एक छोटे से गांव धर्मस्थल में लापता हो गई, अब वो यू-टर्न पर यू-टर्न मार रही है।

पहले इस महिला ने अपनी बात से पलटते हुए एक यूट्यूबर को बताया कि उनकी बेटी अनन्या भट्ट कभी अस्तित्व में थी ही नहीं, अब एक और यू-टर्न लेते हुए कहा कि ऐसा उससे जबरदस्ती बुलवाया गया। उन्हें झूठा दावा करने के लिए मजबूर किया गया था।

क्या कहा बुजुर्ग महिला ने- एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला से जब पूछा गया कि आपने ये क्यों कहा था कि आपकी कोई बेटी नहीं है तो उसने कहा, हां यह बात सही है कि मेरी एक बेटी है। झूठा दावा करने के लिए मुझे एक यूट्यूब चैनल वाले ने फोर्स किया था।

पुलिस ने यूट्यूबर को भेजा समन- एसआईटी जांच के घेरे में आए यूट्यूबर एमडी समीर को नोटिस जारी कर 24 अगस्त को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बल्लारी स्थित उनके आवास पर यह नोटिस चिपकाया गया है। यह नोटिस मंगलुरु की एक अदालत की ओर से 21 अगस्त को समीर को अग्रिम जमानत दिए जाने के बाद जारी किया गया है।

जानिए क्या है मामला- धर्मस्थल में लाशें दफन का मामला अप्रत्याशित घटनाक्रमों से अछूता नहीं है। इस मामले को उजागर करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद, सुबह से यह इस मामले में दूसरा बड़ा उलटफेर है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक शख्स ने गांव में सामूहिक दफन किए जाने का विस्फोटक दावा किया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल प्रतिपदा

## संपादकीय

# मानवीय प्राणी को जन्म से ही व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है



सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है। याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वत संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्योहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्योहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों हम आम तौर पर देखते हैं कि स्थिति बिगड़ती देख अच्छे-अच्छे व्यवहारिक ज्ञान वाले व्यक्तिभी किताबी ज्ञान वालों को कहते हैं तुम तो पढ़े लिखे हो! हम को क्या समझता है हम तो अनपढ़ हैं, बस !इसी वाक्य में वे अपनी जवाबदारी से पीछा छुड़ाकर किताबी ज्ञान वालों के ऊपर डाल देते हैं और जब स्थिति अपने पक्ष में हो रही तो कहते हैं, देखो मैंने यह किया,फ़िर तुम्हारी पढ़ाई लिखाई क्या काम की? इसीलिए स्थिति पक्ष में हो या विपक्ष में दोनों स्थितियों में व्यवहारिक ज्ञान के धनी की ही जीत है। इस सामाजिक स्थिति पर व्यंग्य के रूप में हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम व्यवहारिक ज्ञान और किताबी ज्ञान दोनों की जरूरत की करें तो की करें तो सच तो यह है कि हमें किताबी ज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान दोनों की आवश्यकता है। सिर्फ़ किताबी ज्ञान से हम जीवन में फंस जाएँगे, खासकर तब जब हम कक्षा से बाहर निकलेंगे और सिर्फ़ व्यावहारिक ज्ञान से हम फंस जाएँगे क्योंकि हम सरल निर्देश नहीं पढ़ पाएँगे या सरल गणितीय समस्याएँ हल नहीं कर पाएँगे। लेकिन मेरा मानना ??है कि हमें किताबी ज्ञान से ज़्यादा व्यावहारिक ज्ञान की ज़रूरत है, क्योंकि जीवन समस्याओं से भरा है और इन समस्याओं के लिए व्यावहारिक समाधान की ज़रूरत है, उदाहरण के लिए अगर कोई भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है, तो चाहे वह कितना भी पढ़े-लिखे, उसे व्यावहारिक ज्ञान नहीं होगा जब तक वह अभ्यास न करे, वह किताबें पढ़कर घर में तार नहीं लगा सकता। व्यावहारिक ज्ञान के ज़रिए ही थॉमस एडिसन ने कई बार असफल होने के बाद आखिरकार एक लाइट बल्ब का आविष्कार किया था। किताबी ज्ञान सिर्फ़ समाधान देता है जबकि व्यावहारिक ज्ञान समाधान को कारगर बनाता है। इसकी तुलना उस व्यक्ति से की जा सकती है जो साल भर नौकरी के लिए प्रार्थना करता है लेकिन आवेदन नहीं करता या नौकरी की तलाश में नहीं जाता। दुनिया को व्यावहारिक ज्ञान की आवश्यकता है क्योंकि यह वह ज्ञान है जो हमें बताएगा कि देश में भुखमरी को कैसे कम किया जाए, सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या को कैसे कम किया जाए, किसी घातक बीमारी को फैलने से कैसे रोका जाए आदि, इसलिए व्यावहारिक ज्ञान का हमारे जीवन में अधिक प्रभाव पड़ता है। साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा,अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।

# शिवराम हरि राजगुरु



शिवराम हरि राजगुरु भारत के प्रसिद्ध वीर स्वतंत्रता सेनानी थे। ये सरदार भगत सिंह और सुखदेव के घनिष्ठ मित्र थे। इस मित्रता को राजगुरु ने मृत्यु पर्यंत निभाया। देश की आजादी के लिए दिये गये राजगुरु के बलिदान ने इनका नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवा दिया। राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव का बलिदान आज भी भारत के युवकों को प्रेरणा प्रदान करता है।

### जन्म तथा शिक्षा

वीर स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव का जन्म 24 अगस्त, 1908 को पुणे (महाराष्ट्र) के खेड़ा नामक गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री हरि नारायण और माता का नाम पार्वती बाई था। राजगुरु के पिता का निधन इनके बाल्यकाल में ही हो गया था। इनका पालन-पोषण इनकी माता और बड़े भैया ने किया। राजगुरु बचपन से ही बड़े वीर, साहसी और मस्तमौला थे। भारत माँ से प्रेम तो बचपन से ही था। इस कारण अंग्रेज़ों से घृणा तो स्वाभाविक ही थी। ये बचपन से ही वीर शिवाजी और लोकमान्य तिलक के बहुत बड़े भक्त थे।

संकट मोल लेने में भी इनका कोई जवाब नहीं था। किन्तु ये कभी-कभी लापरवाही कर जाते थे। राजगुरु का पढ़ाई में मन नहीं लगता था, इसलिए इनको अपने बड़े भैया और भाभी का तिरस्कार सहना पड़ता था। माँ बेचारी कुछ बोल न पातीं।

### चंद्रशेखर आज़ाद से भेंट

जब राजगुरु तिरस्कार सहते-सहते तंग आ गए, तब वे अपने स्वाभिमान को बचाने के लिए घर छोड़ कर चले गए। फिर सोचा की अब जबकि घर के बंधनों से स्वाधीन हूँ तो भारत माता की बेड़ियाँ काटने में अब कोई दुविधा नहीं है। वे कई दिनों तक भिन्न-भिन्न क्रांतिकारियों से भेंट करते रहे। अंत में उनकी क्रांति की नौका को चंद्रशेखर आज़ाद ने पार लगाया।

राजगुरु हिंदुस्तान सामाजवादी प्रजातान्त्रिक संघ के सदस्य बन गए। चंद्रशेखर आज़ाद इस जोशीले नवयुवक से बहुत प्रभावित हुए और बड़े चाव से इन्हें निशानेबाजी की शिक्षा देने लगे। शीघ्र ही राजगुरु आज़ाद जैसे एक कुशल निशानेबाज बन गए। कभी-कभी चंद्रशेखर आज़ाद इनको लापरवाही करने पर डांट देते, किन्तु यह सदा आज़ाद को बड़ा भाई समझ कर बुरा न मानते। राजगुरु का निशाना कभी चूकता नहीं था। बाद में दल में इनकी भेंट भगत सिंह और सुखदेव से हुई। राजगुरु इन दोनों से बड़े प्रभावित हुए।

### सांडर्स हत्याकाण्ड

भगत सिंह और सुखदेव, ये दोनों राजगुरु को अपना सबसे अच्छा साथी मानते थे। दल ने लाला लाजपत राय की मृत्यु के जिम्मेदार अंग्रेज़ अफ़सर स्कॉट का वध करने की योजना बनायी। इस काम के लिए राजगुरु और भगत सिंह को चुना गया। राजगुरु तो अंग्रेज़ों को सबक सिखाने का अवसर ढूँढ़ते ही रहते थे, अब वह सुअवसर उन्हें मिल गया था। 19 दिसंबर, 1928 को राजगुरु, भगत सिंह और चंद्रशेखर आज़ाद ने सुखदेव के कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप जे. पी. सांडर्स नाम के एक अन्य अंग्रेज़ अफ़सर, जिसने स्कॉट के कहने पर लाला लाजपत राय पर लाठियाँ चलायी थीं, का वध कर दिया। कार्रवाई के पश्चात् भगत सिंह अंग्रेज़ी साहब बनकर, राजगुरु उनके सेवक बनकर और चंद्रशेखर आज़ाद सुरक्षित पुलिस की दृष्टि से बचकर निकल गए।

### गिरफ़्तारी

भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त के असेम्बली में बम फोड़ने और स्वयं को गिरफ्तार करवाने के पश्चात् चंद्रशेखर आज़ाद को छोड़कर सुखदेव सहित दल के सभी सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए, केवल राजगुरु ही इससे बचे रहे। आज़ाद के कहने पर पुलिस से बचने के लिए राजगुरु कुछ दिनों के लिए महाराष्ट्र चले गए, किन्तु लापरवाही के कारण राजगुरु भी छुटपुट संघर्ष के बाद पकड़ लिए गए। अंग्रेज़ों ने चंद्रशेखर आज़ाद का पता जानने के लिए राजगुरु पर अनेकों अमानवीय अत्त्याचार किये, किन्तु वीर राजगुरु विचलित नहीं हुए। पुलिस ने राजगुरु को अपने सभी साथियों के साथ लाकर लाहौर की जेल में बंद कर दिया। सभी साथी मस्तमौला वीर मराठा राजगुरु को पाकर बड़े खुश थे।

### मुकदमा

लाहौर में सभी क्रांतिकारियों पर सांडर्स हत्याकाण्ड का मुकदमा चल रहा था। मुक़दमे को क्रांतिकारियों ने अपनी फाकामस्ती से बड़ा लम्बा खींचा। सभी जानते थे की अदालत एक ढोंग है। उनका फैसला तो अंग्रेज़ हुकूमत ने पहले ही कर दिया था। राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव जानते थे की उनकी मृत्यु का फरमान तो पहले ही लिखा जा चूका है तो क्यों न अपनी मस्तियों से अदालत में अंग्रेज़ जज को धुल चटाई जाए। एक बार राजगुरु ने अदालत में अंग्रेज़ जज को संस्कृत में ललकारा। जज चौंक गया उसने कहा- ÷टूम क्या कहता हाय÷। राजगुरु ने भगत सिंह की तरफ हंस कर कहा कि- ÷यार भगत इसको अंग्रेज़ी में समझाओ। यह जाहिल हमारी भाषा क्या समझेंगे÷। सभी क्रांतिकारी ठहाका मारकर हसने लगे। अदालत में इन क्रांतिकारियों ने स्वीकार किया था कि वे पंजाब में आज़ादी की लड़ाई के एक बड़े नायक लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेना चाहते थे। अंग्रेज़ों के विरुद्ध एक प्रदर्शन में पुलिस की बर्बर पिटाई से लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई थी।

### आमरण अनशन

जेल में भगत सिंह के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने कैदियों के साथ होने वाले अमानवीय अत्त्याचारों के विरुद्ध आमरण अनशन आरंभ कर दिया, जिसको जनता का जबरदस्त समर्थन मिला, जो पहले से ही क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धा का भाव रखती थी, विशेष रूप से भगत सिंह के प्रति। इस आमरण अनशन से वायसराय की कुर्सी तक हिल गयी। अंग्रेज़ों ने क्रांतिकारियों की हड़ताल तुडवाने का जबरदस्त प्रयत्न किया, किन्तु क्रांतिकारियों की जिद के सामने वे हार गए। राजगुरु और जतिनदास की इस अनशन में हालत बिगड़ गयी।

राजगुरु और सुखदेव से अंग्रेज़ विशेष रूप से हार गए थे। जतिनदास आमरण अनशन के कारण बलिदानी हो गए, जिससे जनता भड़क उठी। विवश हो कर अंग्रेज़ों को क्रांतिकारियों की सभी बातें मनानी पड़ीं। यह क्रांतिकारियों की विजय थी। उधर सांडर्स हत्याकाण्ड मुक़दमे का परिणाम निकल आया। सांडर्स के वध के अपराध में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को मृत्युदंड मिला। तीनों इस मृत्युदंड को सुन कर आनंद से पागल हो गए और जोर-जोर से इन्कलाब जिंदाबाद की गर्जाना की।

### बलिदान

राजगुरु को 23 मार्च, 1931 की शाम सात बजे लाहौर के केंद्रीय कारागार में उनके दोस्तों भगत सिंह और सुखदेव के साथ फ़ाँसी पर लटका दिया गया। इतिहासकार बताते हैं कि फाँसी को लेकर जनता में बढ़ते रोष को ध्यान में रखते हुए अंग्रेज़ अधिकारियों ने तीनों क्रांतिकारियों के शवों का अंतिम संस्कार फ़िरोज़पुर ज़िले के हुसैनीवाला में कर दिया था। यह भी माना जाता है कि इन तीनों क्रांतिकारियों की फाँसी की तिथि 24 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अंग्रेज़ सरकार फाँसी के बाद उत्पन्न होने वाली स्थितियों से घबरा रही थी। इसीलिए उसने एक दिन पहले ही फाँसी दे दी।

### सम्मान

राजगुरु के जन्म शती के अवसर पर भारत सरकार के प्रकाशन विभाग ने उन पर संभवत पहली बार कोई पुस्तक प्रकाशित की। इस सराहनीय प्रयास के लिए न केवल प्रकाशन विभाग धन्यवाद का पात्र है बल्कि उस लेखक को भी कोटि कोटि बधाई है, जिसने इस क्रन्तिकारी की जीवन लीला से सभी को परिचय कराया है। पुणे का वह खेड़ा गाँव जहाँ राजगुरु का जन्म हुआ था, उसे अब राजगुरु नगर के नाम से जाना जाता है।

# किसानों के लिए गेहूं बेचकर मोटा पैसा कमाने का सही समय? घरेलू बाजार में बढ़ी कीमतें



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल भारतीय बाजारों में गेहूं की कीमतों में उछाल देखा गया है। इसके उलट इंटरनेशनल मार्केट में गेहूं की कीमत निचले स्तर पर हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछे 5 सालों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की कीमत सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रही हैं। ऐसे में भारतीय बाजार में इसके दामों में तेजी आने से किसानों के लिए फसल बेचकर पैसा कमाने का अच्छा मौका है।

दरअसल, इंटरनेशनल मार्केट में गेहूं की सप्लाई बढ़ने से इसकी कीमतों में गिरावट आई है। लेकिन भारत में पिछले एक महीने में गेहूं की कीमतों में 1 फीसदी से अधिक की तेजी देखी गई है।

### इंटरनेशनल मार्केट में सुस्ती, भारत में तेजी

इंटरनेशनल मार्केट में गेहूं की कीमत पिछले एक सप्ताह में 0.29 फीसदी महंगी हुई है। लेकिन पिछले एक महीने में इसके कीमत में 6 फीसदी की कमी भी देखी गई है। इस साल जनवरी से अब तक इसकी कीमत 8 फीसदी से भी नीचे लुढ़क चुकी हैं। भारत में पिछले एक महीने में गेहूं की कीमत 1 फीसदी से अधिक भाग चुकी है।

### भारत में कितने में बिक रहा है गेहूं?

मंडी रेट की बात करें तो आज भारत में 2550 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं बिक रहा है। पूरे भारत में गेहूं का औसत मूल्य 2480.00 रुपये प्रति क्विंटल है, जिसमें सबसे कम बाजार दर 2400.00 रुपये प्रति क्विंटल और सबसे अधिक 2550.00 रुपये प्रति क्विंटल है। अलग-अलग राज्यों में गेहूं की कीमतें अलग-अलग है।

बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो यूपी में आज यानी 23 अगस्त 2025 को गेहूं का औसत मूल्य 2520.5 प्रति क्विंटल है। सबसे कम बाजार मूल्य 2400 प्रति क्विंटल है। सबसे महंगा बाजार मूल्य 2700 प्रति क्विंटल है।

## भारत में कहां है सबसे बड़ा सर्राफा बाजार, यहां से होती है सोने की सप्लाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत समेत दुनियाभर में सोना, डिमांड के लिहाज से सबसे मूल्यवान धातु है। हर साल देश में बड़ी मात्रा में गोल्ड इंपोर्ट किया जाता है। क्या आप जानते हैं भारत में गोल्ड का सबसे बड़ा मार्केट कहां है जहां से पूरे देश में सोने की सप्लाई होती है। वैसे तो सोने के लिए जलगांव से लेकर रतलाम के बाजार काफी फेमस हैं, लेकिन सोने का सबसे बड़ा मार्केट कहीं और है। देश में सबसे बड़ा सर्राफा बाजार मुंबई स्थित झवेरी बाजार को कहा जाता है। इसके अलावा, केरल के त्रिशूर को गोल्ड कैपिटल ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है। चूंकि, ये सोने के सबसे बड़े बाजार हैं इसलिए लोगों के मन में सवाल हो सकते हैं कि क्या वाकई यहां गोल्ड सस्ता मिलता है? आइये आपको बताते हैं इन मार्केट से जुड़े कुछ खास फैक्ट्स

भारत नहीं एशिया का सबसे बड़ा गोल्ड मार्केट- देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में झवेरी बाजार भारत में सबसे बड़ा गोल्ड मार्केट कहा जाता है, खास बात है कि इसे एशिया का सबसे बड़ा सोने का बाजार भी माना जाता है। इस गोल्ड मार्केट का इतिहास 160 साल पुराना है। खास बात है कि इस मार्केट को मशहूर सर्राफा कारोबारी त्रिभुवनदास झवेरी ने 1864 में स्थापित किया था इसलिए इसे झवेरी बाजार के नाम से जाना जाता है।

## सिर्फ आईटीआर भरकर नहीं पा सकते रिटर्न, पैसा पाने के लिए ये काम करना है बहुत जरूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। आयकर रिफंड तब मिलता है जब आपने सरकार को जो कर चुकाया है वह आपकी वास्तविक कर देयता से अधिक होता है। यह अतिरिक्त कर वर्ष के दौरान अधिक TDS कटौती या अग्रिम कर भुगतान के कारण हो सकता है। आप अपना आयकर रिटर्न दाखिल करते समय रिफंड का दावा कर सकते हैं।

एक बार प्रक्रिया पूरी हो जाने पर, रिफंड आमतौर पर ई-सत्यापन के 4 से 5 सप्ताह के भीतर आपके बैंक खाते में जमा हो जाता है। लेकिन सिर्फ आईटीआर फाइल कर देने से ही रिटर्न नहीं मिलता है। इसके लिए कई जरूरी काम भी करने पड़ते हैं। आइए जानते हैं कि अगर आपको रिटर्न का पैसा प्राप्त करना चाहते हैं तो आईटीआर भरने के साथ क्या करना होगा।

हम आपको आईटीआर रिफंड के बारे में आगे बताएं उससे पहले यह जानना भी जरूरी हैं कि आखिर इनकम टैक्स रिफंड होता क्या है। आयकर विभाग द्वारा आयकर रिफंड तब जारी किया जाता है जब करदाता ने वित्तीय वर्ष के लिए अपनी वास्तविक देयता से अधिक कर का भुगतान किया हो।

यानी अगर आपने टैक्स से अधिक का भुगतान किया है तो सरकार आपको पैसा वापस करेगी। आम तौर पर, taxpayers स्व-मूल्यांकन की अवधारणा के तहत अपने टैक्स बकाया की गणना करने के बाद रिटर्न दाखिल करते समय अपना Tax चुकाते हैं।

रिटर्न पाने के लिए ये काम करना है जरूरी- अगर आपने इनकम टैक्स पोर्टल पर अपना बैंक अकाउंट नंबर नहीं ऐड किया है तो आपका रिफंड अटक सकता है। क्योंकि इसके लिए बैंक अकाउंट का ऐड होना जरूरी है। ई बार अकाउंट बंद हो चुके हैं या डिएक्टिवेट हो जाते हैं ऐसे में रिटर्न का पैसा आपको नहीं मिल पाता है। इसलिए आपको पोर्टल पर जाकर बैंक अकाउंट स्त्रस्त्र करना होगा।

रिफंड राशि में भुगतान की तिथि से रिफंड जारी होने की तिथि तक 0.5% प्रति माह (6त्र प्रतिवर्ष) की दर से ब्याज भी मिलता है।

## पैसा कमाने का बड़ा मौका, हर शेयर पर 65 का बड़ा डिविडेंड दे रही ये कंपनी




शेयर बाजार में लिस्टेड ऐसी कंपनियों में निवेश करना चाहिए जो हर साल डिविडेंड देती हैं। इन्हीं में से कई सारी कंपनियां है। बहुत सी कंपनियां एक साल मे 1 से ज्यादा बार डिविडेंड देती हैं। डिविडेंड की घोषणा करने के साथ कंपनियां उसकी रिकॉर्ड डेट भी घोषित करती है। अगर उस रिकॉर्ड डेट से पहले कंपनी के शेयर खरीद लिए जाएं और रिकॉर्ड डेट तक रखें जाएं तो डिविडेंड का लाभ मिलता है। अगर आप भी अगस्त के महीने में डिविडेंड का लाभ उठाना चाहते हैं तो एक कंपनी हर शेयर पर 65 रुपये का भारी भरकम डिविडेंड दे रही है। इस कंपनी का नाम प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड है।

प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड ने मार्च 2025 में खत्म हुई पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 156.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के 154.4 करोड़ रुपये की तुलना में थोड़ा अधिक था। कंपनी ने मई में नतीजे घोषित करते ही डिविडेंड की भी घोषणा की थी। आइए जानते हैं कि इसकी रिकॉर्ड डेट कब है।

प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड के बोर्ड ने प्रति शेयर ?65 के फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की थी।

# 26 अगस्त को खुलेगा इस धांसू इंजीनियरिंग कंपनी का आईपीओ, दिग्गज निवेशकों की है नजर

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले हफ्ते इश्यू लॉन्च होने से पहले शुक्रवार को विक्रान इंजीनियरिंग के शेयरों में ग्रे मार्केट प्रीमियम में बढ़ोतरी देखी गई। इंफ्रास्ट्रक्चर ईपीसी कंपनी 26 अगस्त को अपना आईपीओ लॉन्च करने वाली है और इस इश्यू के जरिए 772 करोड़ रुपये जुटाएगी।

IPO ओपन होने से पहले इसका शेयर 22 प्रति शेयर के GMP पर कारोबार कर रहे हैं। अगर बोली अवधि के दौरान यह गति स्थिर रहती है, तो शेयर भारतीय एक्सचेंजों पर अच्छी बढ़त के साथ लिस्ट हो सकता है। 97 के ऊपरी मूल्य बैंड के आधार पर, 22 का GMP लगभग 119 की संभावित लिस्टिंग कीमत का संकेत देता है, जो IPO मूल्य से 22.7% अधिक है।




Vikran Engineering Limited के IPO की प्राइस बैंड प्रति इक्विटी शेयर 92 से 97 की है। इसकी फेस वैल्यू 1 है। IPO में 721 करोड़ तक की नई शेयरों की बिक्री और राकेश अशोक मारखेडकर द्वारा 51 करोड़ तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। नए शेयरों से मिलने वाली राशि में से ?541 करोड़ का इस्तेमाल कंपनी की वर्किंग कैपिटल जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए होगा।

कंपनी के बारे में- विक्रान इंजीनियरिंग भारत की तेजी से बढ़ती इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कंपनियों में से एक है, जिसने 2023-25 के बीच रेवेन्यू ग्रोथ में इंडस्ट्री औसत और अन्य कंपनियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी का प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड है, जिसमें ज्यादातर रेवेन्यू एनर्जी और वॉटर इन्फ्रास्ट्रक्चर से आता है। ये कॉन्सेप्ट डिजाइन से लेकर सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग तक टर्नकी आधार पर पूरी सेवाएं देती है। कंपनी पावर, वॉटर और रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई सेक्टर्स में काम करती है।

पावर सेक्टर में कंपनी पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन दोनों में सक्रिय है। वॉटर सेक्टर में इसके प्रोजेक्ट्स में अंडरग्राउंड वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन, सरफेस वॉटर एक्सट्रैक्शन, ओवरहेड टैंक और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क शामिल हैं। कंपनी ग्राउंड-माउंटेड सोलर प्रोजेक्ट्स और स्मार्ट मीटरिंग में भी अनुभव रखती है।30 जून 2025 तक विक्रान इंजीनियरिंग ने 14 राज्यों में 45 प्रोजेक्ट्स पूरे किए, जिनका कुल कॉन्ट्रैक्ट मूल्य ?1,919.92 करोड़ था।

## कौन सा बैंक 1 साल की एफडी पर दे रहा सबसे ज्यादा ब्याज?




नई दिल्ली (एजेंसी)। जब भी पैसे को सुरक्षित रखने की बात आती है, तो फिक्स्ड डिपॉजिट सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्पों में से होता है। आज भी भारतीयों के लिए एक सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। स्त्रष्ठ पर गारंटीड रिटर्न, कम जोखिम और बैंक में आपके पैसे की सुरक्षा का सुकून देते हैं। बहुत से लोग एक साल के लिए एफडी कराते हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर कौन सा बैंक एक साल की एफडी पर सबसे अधिक ब्याज देते हैं।

अधिकतर बैंक आमतौर पर एक साल की स्त्रष्ठ पर समान ब्याज देते हैं। आइए जानते हैं कि देश के टॉप बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और ICICI बैंक एक साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर कितना ब्याज देते हैं।

एक साल की स्त्रष्ठ पर कौन से बैंक दे रहे ज्यादा ब्याज- बैंक वेबसाइटों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुछ प्रमुख बैंक वर्तमान में एक वर्षीय सावधि जमा पर प्रतिस्पर्धी रिटर्न दे रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# ज्वेलर का ड्राइवर निकला धोखेबाज, 4.79 करोड़ के आभूषण लेकर हुआ फरार, पुलिस ने दबोचा

इंदौर। अहमदाबाद के ज्वेलर के 4 करोड़ 79 लाख रुपये कीमती आभूषण लेकर भागा चालक मसरु राबरी सीट के नीचे ही आभूषण रखता था। उसने शराब तस्कर प्रेमपाल के जरिए आभूषण बेचने की कोशिश पर हॉलमार्क देख कर दुकानदारों ने हाथ खींच लिए।




8 जुलाई को हुआ था फरार

डीसीपी (अपराध) राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक अंकित गोल्ड (अहमदाबाद) के संचालक धर्मेंद्र भाई की शिकायत पर मसरू राबरी के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। धर्मेंद्र कई राज्यों में आभूषणों की सप्लाई करता है। उसने 8 जुलाई को कर्मचारी सौरभ पांचाल को 4 किलो 800 वजनी आभूषण लेकर इंदौर भेजा था। चालक मसरु मौका देख कर कार लेकर फरार हो गया। चालक की सीट के नीचे मिले आभूषण शुक्रवार को अपराध शाखा की टीम ने मसरु को शराब तस्कर प्रेमपाल देवड़ा जालौर (राजस्थान) के साथ पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर चालक की सीट के नीचे आभूषण भी मिल गए। मूलतः बनासकाठा (गुजरात) निवासी मसरू अपराधियों से जुड़ा है। उसने बिचौलियों के माध्यम से आभूषण बेचने की कोशिश की पर सुनारों ने होलमार्क देख कर आभूषण लेने से इनकार कर दिया।

इसके बाद बिचौलियों ने धर्मेंद्रभाई से संपर्क कर तोड़बट्टा करने की कोशिश की। धर्मेंद्र ने अपराध शाखा को संदेहियों के मोबाइल नंबर दे दिए और टीम ने लोकेशन निकाल कर आरोपित मसरू और प्रेमपाल को पकड़ लिया।

## MP में स्कूटर चोरी होने पर बीमा कंपनी ने नहीं चुकाई राशि... अब देना होगा 78,000 रुपये हर्जाना




भोपाल। एक महिला ने ऑफिस जाने के लिए स्कूटर खरीदा था। उसका बीमा भी कराया था। करीब तीन महीने बाद स्कूटर घर के सामने से चोरी हो गई। बीमा कंपनी ने बीमा राशि देने से इनकार कर दिया। महिला ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की।

आयोग ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाया और स्कूटर की पूरी कीमत 48 हजार रुपये के साथ 30 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया।

दरअसल, विदिशा रोड के ईरानी बस्ती निवासी कनीजा-बी ने जिला उपभोक्ता आयोग बेंच-1 में ऑटो क्लेम टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ 2020 में याचिका लगाई थी। इसमें शिकायत की थी कि वह एक निजी अस्पताल में कार्यरत है और आने-जाने के लिए मार्जिन मनी जमा कर 30 मई 2017 को करीब 46 हजार रुपये का फाइनेंस कराकर होंडा कंपनी का एक स्कूटर खरीदा था। उसका बीमा 1812 देकर एक साल के लिए कराया था। 14 अगस्त 2017 को रात 10 बजे अस्पताल से ड्यूटी कर लौटी थी और घर के सामने स्कूटर को खड़ा किया था। 15 अगस्त 2017 सुबह आठ बजे घर के बाहर वाहन नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। इसकी एफआईआर महिला ने छह दिन बाद छोला मंदिर पुलिस थाना में कराई थी। अगले माह महिला ने पत्र के माध्यम से बीमा कंपनी को क्लेम के लिए आवेदन किया। बीमा कंपनी ने क्लेम को निरस्त कर दिया। आयोग ने कहा कि स्कूटर में चाबी लगे होने का कोई सबूत नहीं है।

बीमा कंपनी ने तर्क रखा कि महिला ने 234 दिन के देरी से कंपनी को वाहन चोरी होने की सूचना दी एवं स्नद्धक्र भी 6 से 7 दिन की देर से की गई है। यह बीमा शर्तों का उल्लंघन है। साथ ही, महिला ने अपने स्कूटर में ही चाबी लगी हुई छोड़ दी थी। इस कारण महिला की लापरवाही से स्कूटर चोरी हुआ है।

आयोग ने कहा कि एफआईआर में स्कूटर में चाबी लगी हुई छोड़ने का कोई उल्लेख नहीं है। इसका कोई भी सबूत कंपनी ने प्रस्तुत नहीं किया है। इस कारण इन सभी तर्कों को खारिज किया जाता है। बीमा कंपनी को स्कूटर का कीमत 48 हजार रुपये सहित मानसिक क्षतिपूर्ति राशि 30 हजार रुपये देने का आदेश दिया।

## पंडित प्रदीप मिश्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, कुबेरेश्वर धाम में मौतों का मामला पहुंचा कोर्ट



सीहोर। कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण और कांवड़ यात्रा के दौरान हुई सात लोगों की मौत का मामला कोर्ट पहुंच गया है। इंदौर के अधिवक्ता ने सीहोर जिला न्यायालय में परिवाद दायर कर आयोजक पंडित प्रदीप मिश्रा और उनकी विठ्ठलेश सेवा समिति पर केस की मांग की है।

जुटी थी करीब सात लाख की भीड़ बता दें, पंडित प्रदीप मिश्रा ने पांच-छह अगस्त को सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण और कांवड़ यात्रा का आयोजन किया था। इस दौरान करीब सात लाख लोगों की भीड़ जुटी। आयोजन के तीन दिनों में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस ने डीजे संचालकों पर केस दर्ज कर खानापूर्ति की। इस पर अधिवक्ता प्रकाश यादव ने मंडी थाना में शिकायत कर एफआईआर की मांग की थी। वहां कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला न्यायालय में परिवाद दाखिल किया। अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी न्यायालय ने पुलिस को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी।मानवाधिकार आयोग के आदेश पर चुप्पी हादसे के बाद राज्य मानवाधिकार आयोग ने सीहोर कलेक्टर और एसपी से घटना की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था। इसके लिए 15 दिनों का समय दिया गया था। समय सीमा पूरी हो चुकी है, लेकिन जांच रिपोर्ट बाहर नहीं आई।

## किसानों को सिखाया जाएगा पहले धान की पराली व बाद में गेहूं की नरवाई का प्रबंधन, होगा दोहरा लाभ



ग्वालियर। ग्वालियर चंबल अंचल में हुई रिकार्ड वर्षा के बीच धान का रकबा लक्ष्य से अधिक बढ़ गया है। इसके साथ ही पराली की समस्या भी डराने लगी है, क्योंकि पिछले साल देश में सबसे अधिक पराली अंचल के श्योपुर और दतिया में जलाई गई थी। बहरहाल, कृषि विभाग ने इस समस्या का समाधान निकाल लिया है।

कृषि विभाग ने किसानों को पराली का प्रबंधन सिखाने की योजना बनाई है। योजना कारगर साबित हुई तो किसानों को दोहरा फायदा होगा। यानी पराली की समस्या का समाधान होगा और बुवाई के लिए खेत की बार-बार जुताई से मुक्ति मिलेगी। एक बार में ही खेत की पराली समस्या का हल और बीज की बुवाई भी हो जाएगी। यह काम हैप्पी सीडर मशीन से होगा। कृषि विभाग फिलहाल जिले के 250 किसानों को 250 हेक्टेयर जमीन पर हैप्पी सीडर से पराली प्रबंधन व जुताई का तरीका सिखाएगा।

क्या है हैप्पी सीडर मशीन, कैसे होगा पराली की समस्या का हल हैप्पी सीडर एक आधुनिक कृषि मशीन है, जो खासतौर पर पराली (फसल कटने के बाद बचा हुआ डंठल और पुआल) जलाने की समस्या का समाधान करेगी। हैप्पी सीडर को ट्रैक्टर से जोड़ा जाता है। यह पहले खेत में पड़ी हुई पराली को काटकर साइड में फैला देती है। उसी समय मशीन जमीन में गेहूं या अन्य रबी की फसल का बीज बो देती है। इस तरह बिना पराली जलाए सीधे उसी खेत में अगली फसल की बुआई हो जाती है।

**क्या है कृषि विभाग की पूरी योजना**-स्थानीय कृषि विभाग धान की पैदावार करने वाले अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे 250 किसानों को चिह्नित कर रहा है, जिनके पास कम से कम एक हेक्टेयर जमीन हो। धान की फसल होने के बाद इन किसानों के खेतों में हैप्पी सीडर से सीधे पराली को काटकर, खेत जोतकर गेहूं की बुवाई कराई जाएगी।

हैप्पी सीडर मशीन की कीमत 1.5 लाख से 3 लाख रुपये के बीच है। इस पर सरकार 50 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी दे रही है। यदि कोई समूह या समिति इसे खरीदता है, तो सब्सिडी और बढ़ जाती है। कृषि विभाग गांव के उन किसानों को हैप्पी सीडर मशीन खरीदने के लिए प्रेरित कर रही है, जिनके पास ट्रैक्टर हैं।

**ऐसे होगा किसानों को दोहरा फायदा**-कृषि विभाग के सहायक संचालक नरेश मीणा बताते हैं कि धान की कटाई के बाद पराली को जलाने या नष्ट करने के लिए खेत को तैयार किया जाता है। इस तरह बुआई से पहले किसानों को दो से तीन बार जुताई करना होती है। हैप्पी सीडर मशीन पराली की कटाई करेगी और साथ ही गहरी जुताई भी कर देगी। इस तरह किसानों का श्रम और खर्च बचेगा। इसका उपयोग गेहूं की कटाई के बाद नरवाई के प्रबंधन में भी किया जा सकता है।

हैप्पी सीडर से काटकर खेत की मिट्टी में मिलाई गई पराली एक से डेढ़ महीने में जैविक खाद में बदल जाएगी। इससे किसानों को खेतों में खाद भी कम देना होगा।

**धान का रकबा बढ़ गया**-ग्वालियर ही नहीं, श्योपुर आदि जिलों में अच्छी वर्षा की वजह से अन्य फसलों की बुवाई नहीं हो पाई, केवल धान की बुवाई हुई है। इस बार धान का रकबा करीब 15 हजार हेक्टेयर बढ़ गया है। धान की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या खड़ी होगी। इसलिए किसानों को हैप्पी सीडर मशीन से पराली का प्रबंधन व सीधे गेहूं की बुआई का प्रबंधन सिखाया जाएगा। - आरबीएस जाटव, उप संचालक, कृषि व किसान कल्याण विभाग, ग्वालियर

## पीडीएस दुकानदार ने की राशन की कालाबाजारी, अब होगी FIR



मुरैना। सलगढ़ तहसील की मांगरौल उचित मूल्य दुकान के संचालक ने गरीब परिवारों के अलावा स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चों के मिड डे मील के लिए जाने वाले राशन की कालाबाजारी कर दी। उक्त दुकान को पांच महीने पहले निलंबित कर दिया गया था। बचा हुआ राशन दूसरी दुकान को देना था, जो बाजार में खपा दिया। अब विभाग ने इस मामले में आरोपित दुकानदार पर एफआईआर के लिए कलेक्टर से अनुमति मांगी है।

**एक साल से आ रही थी शिकायतें**-दरअसल, मांगरौल की उचित मूल्य दुकान से राशन की कालाबाजारी की शिकायतें करीब एक साल से आ रही थीं। इन शिकायतों के बाद कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मार्च 2023 में मांगरौल पीडीएस दुकान पर छापामार कार्रवाई करवाई, जिसमें गेहूं-चावल का स्टॉक गड़बड़ मिला। सैकड़ों गरीब परिवारों का राशन बाजार में बेचने की पुष्टि होने पर दुकान को निलंबित कर दिया गया था और दुकान संचालक को निर्देश दिए कि बचे हुए पूरे राशन को रामपहाड़ी उचित मूल्य दुकान के सुपुर्द किया जाए। मांगरौल पीडीएस के संचालक ने रामपहाड़ी पीडीएस दुकान को मात्र 10 क्विंटल चावल, नमक के 596 पैकेट ही दिए। इसके बाद बचे हुए 19971 किलो गेहूं आदि।



# इंदौर संभाग में ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य करने में होने लगी सुलभता

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री स्वामित्व योजना, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का निराकरण, सीएम हेल्पलाईन, राशन पर्ची ई-केवायसी, ई-ऑफिस संचालन, वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम, सिंहस्थ-2028 निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में इंदौर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक के प्रारंभ में उन जिलों के कलेक्टर्स के कार्यों की सराहना की, जिन्हें गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत गोल्ड, सिल्वर, ब्राँच और कॉपर मेडल से नवाजा गया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि आगे भी शासन के इस कार्य में अपनी प्रगति बनायें रखें और अन्य इन्डीकेटर्स में भी प्राथमिकता से कार्य करने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में सभी कलेक्टर्स से प्रतिक्रिया ली। संभाग के सभी कलेक्टर्स द्वारा इस नवीन प्रणाली के तहत कार्य करने में सुगमता होने के बारे में बताया गया। एक कलेक्टर द्वारा बताया गया कि उनकी एक फाईल पर भोपाल स्तर से 10 मिनट के भीतर निराकरण हुआ है। इसके साथ ही फाईल गुम होने और समयावधि में कार्य होने जैसी प्रतिक्रिया दी गई। संभाग में इस प्रणाली के अन्तर्गत अब तक 53 हजार 882 ई-फाईल मूव हुई है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी कलेक्टर्स को राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों को गंभीरतापूर्वक कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का पृथक से प्रशिक्षण भी कराया जाये। संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में फार्मर रजिस्ट्री से जुड़े प्रकरणों में गति लाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को हफ्ते में दो दिन फील्ड में जाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री आदि के प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निराकरण सकारात्मक और संतोषजनक होना चाहिये। धरती आबा योजना के तहत जनजाति वर्ग को केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, आदि योजनाओं से पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहे।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। राजस्व शाखा में लंबित प्रकरणों को कार्ययोजना बनाकर समयसीमा में निराकृत करें। निराकृत प्रकरण तर्कपूर्ण हो और गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाए। सीएम डेश बोर्ड पर सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों का निराकरण समयसीमा में करें। धरती आबा योजना के तहत जनजाति वर्ग को केन्द्र और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

श्री सिंह ने सभी कलेक्टर्स को विशेष रूप से अगस्त से नवम्बर माह तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जाँच शिविरों की निगरानी तथा व्यवस्थाएं करने को भी कहा है। साथ ही उन्होंने इंदौर से सुविधाएं प्रदान करने वाले अरविंदो, इंडेक्स, एमजीएम, एनएनसीटी चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में बताया गया। साथ ही कलेक्टर्स से कहा कि इन शिविरों में उन व्यक्तियों को लायें जो वास्तविक रूप से बीमारियों से ग्रसित है, जिनका चिन्हांकन आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशाओं द्वारा किया गया है। शिविरों का उद्देश्य समुचित रूप से उपचार प्रदान करना है, न कि अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित करना है। शिविर के पश्चात कई महाविद्यालयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा फॉलोअप के लिये भी संभवत- जिलों में एक से दो विजिट करेंगे।

## न्याय और त्याग की मूर्ति थी माँ देवी अहिल्याबाई- मंत्री श्री सिलावट



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर के पीएमश्री स्कूल पहुँचकर बच्चों के बीच अहिल्योत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर विकास की पुरोधा थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों और अन्य स्थानों पर मंदिर बनवाए और घाटों का निर्माण कराया। कुंओ और बावडियों का निर्माण कराया, सड़के बनवायी। उन्होंने 12 ज्योतिलिंगों में सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्वार और बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण कराया। श्री सिलावट ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवनपर्यंत प्रयत्न कर महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योगदान दिया। मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने शासकीय कन्या उ.मा.वि. पीएमश्री सांवेर में बच्चों के बीच बैठकर उन्हें देवी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताया।

# भारतीय युवा अपने स्वर्णिम काल में मूल्यों के वैश्विक ध्वजवाहक बनें

इंदौर। हम भारतीय युवाओं के स्वर्णिम काल में जी रहे हैं। आज की दुनिया डिजिटल रूप से जुड़ी हुई है और हमारे युवा कुछ भी कर सकते हैं। जरूरत है भीतर की आग की, जो आपको दुनिया की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान खोजने के लिए प्रेरित करे, यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक और सेवा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता रवि कुमार अय्यर का। वे गुरुवार को प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर में आयोजित नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर जागरूकता सत्र को संबोधित कर रहे थे।



इनिशिएटिव फॉर मॉरल एंड कल्चरल ट्रेनिंग फाउंडेशन की ऑल इंडिया आउटरीच टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अय्यर ने छात्रों से आग्रह किया कि वे हर सप्ताह कम से कम एक दिन वास्तविक जीवन और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने में लगाएँ। उन्होंने कहा, हमारे युवा क्रांतिकारियों ने मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। वही शक्ति आज के युवाओं में भी मौजूद है, जो बहुत कम उम्र में ही वैश्विक स्तर पर ऊँचे पदों पर पहुँच रहे हैं।

उदाहरण स्वरूप उन्होंने इंद्रा नूयी की सफलता का उल्लेख किया, जो लगातार 20 वर्षों तक पेप्सिको की सीईओ रहीं। उन्होंने उन भारतीय मूल के नेताओं का भी जिक्र किया, जो विभिन्न देशों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और विश्व की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ बने। उन्होंने कहा, उनकी यह सफलता भारतीय पारिवारिक मूल्यों की ताकत को दर्शाती है। भारत का मध्यम वर्ग इन मूल्यों का सच्चा ध्वजवाहक है। हमारा प्रबंधन शिक्षा भी भारत-केंद्रित होनी चाहिए, जो हमारी संस्कृति और परंपराओं में निहित हो।

छात्रों से अपने माता-पिता और शिक्षकों को आदर्श बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, आपके जीवन में तीन लोग–आपकी माता, पिता और शिक्षक–आपको महान भी बना सकते हैं और साधारण भी। यह इस पर निर्भर करता है कि आप उनसे क्या सीखते हैं। भारत के महान विभूतियों की कहानियाँ दुनिया की भाषाओं में फैलाइए ताकि भारतीय मूल्य पूरे विश्व तक पहुँच सकें।

इससे पहले डॉ. गुणवंत सिंह कोठारी, हिंदू स्पिरिचुअल एंड सर्विस फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक ने PIMR के प्राध्यापकों से संवाद किया और उनसे मूल्य-आधारित शिक्षा को गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए दी जायेगी सिलाई मशीनें



इंदौर। इंदौर जिले में महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनें दी जायेंगी। जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 500 से अधिक सिलाई मशीनों का वितरण होगा। सिलाई मशीन वितरण कार्य का शुभारंभ आज जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र और राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही है।

मंत्री श्री सिलावट ने आज जनपद पंचायत सांवेर में आयोजित कार्यक्रम में स्व सहायता समूहो की 80 बहनों को सिलाई मशीनों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं के लिए विशेष योजना लाकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की निरंतर कोशिश कर रही है।

## मुबंई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रक्रिया होगी तेज

इंदौर। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। 15 विभागों से जुड़े 20 से अधिक बिंदुओं पर आयोजित हुई कॉन्फ्रेंस दो चरणों में सम्पन्न हुई। द्वितीय चरण में संभागायुक्त श्री सिंह ने रेलवे, उद्योग, नेशनल हाइवे और सिंहस्थ से जुड़े विषयों पर गहन समीक्षा की। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री हिमांशु प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए 583.943 हेक्टेयर भूमि की मांग की गई है। इसके अलावा धार जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये जाने की प्रक्रिया की गई है। इस संबंध में संभागायुक्त श्री सिंह ने झाबुआ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा को मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर झाबुआ, थांदला, पेटलावद और मेघनगर में 500 से 600 हेक्टर भूमि उद्योग के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए है। जहां से व्यवस्थित रूप से उद्योगों को सुलभता हो सकें। इंदौर के आसपास नेशनल हाइवे द्वारा निर्माणाधीन हाइवे सड़कों की समीक्षा करते हुए सभी की अपडेट जानकारी सहित कार्य पूर्णता के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस संबंध में नेशनल हाइवे पीआईयू के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि मोरटक्का में नर्मदा नदी पर बन रहे पूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसे अक्टूबर तक प्रारम्भ करने की दृष्टि से कार्य किया जा रहा है। बैठक में संभाग के सभी कलेक्टर्स सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। वहीं उपायुक्त श्रीमती सपना लौवंशी, संयुक्त विकास आयुक्त श्री डी.एस. रणदा, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य श्रीमती पूर्णिमा गड़रिया उपस्थित रही।

धार जिले के लालबाग में स्थापित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र- मध्यप्रदेश उद्योग विभाग द्वारा धार जिले के लालबाग क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई है। इसकी प्रक्रिया विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई। इस तरह विभाग ने धार जिले में उद्योगों के लिए 549.816 हेक्टेयर, खरगोन में 120.443 हेक्टेयर और झाबुआ में 1037.19 हेक्टेयर भूमि विभिन्न गांव में आवंटन के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की है।

दाहोद-इंदौर रेल लाइन में पीथमपुर में बनेगा स्टेशन- कॉन्फ्रेंस के दौरान रेलवे के अधिकारी द्वारा दाहोद-इंदौर रेलवे लाइन के कार्य के संबंध में बताया कि पीथमपुर में रेलवे स्टेशन का विकास किया जाना है। इसके लिए पीथमपुर में 4.194 हेक्टर और अकोलिया में 5.137 हेक्टर अतिरिक्त भूमि मांगी गई है। इसी तरह रेलवे द्वारा मनावर, सरदारपुर और झाबुआ के विभिन्न खसरा नम्बर में भी भूमि आवंटन की प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी दी गई। प्रस्तावित रेलवे लाइन दाहोद से कटवारा, पिटोल,फतेहपुर, राजगढ़, सरदारपुर, धार,पीथमपुर होकर इंदौर पहुँचना है।

# पहली बार इंदौर शहर में देहदानी मृतक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिया गया राजकीय सम्मान

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार राज्य शासन द्वारा निर्णय? लिया गया है कि देहदान और अंगदान करने वाले मृतक को राजकीय सम्मान दिया जायेगा। इस क्रम में आज इंदौर में पहली बार देहदानी स्वर्गीय श्री अशोक वर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान दिया गया। भीषण और विषम परिस्थितियों में भी जीवटता और धैर्य के चलते मानव धर्म निभाने में स्वर्गीय श्री वर्मा सदैव आगे रहते थे।



इंदौर शहर के जवाहर मार्ग निवासी 82 वर्षीय श्री अशोक वर्मा का कल रात निधन हो गया था। उनके संकल्प अनुसार उनके परिजन ने देहदान किया। स्वर्गीय श्री वर्मा ने 2011 में महर्षि दधीचि देहदान अंगदान समिति इंदौर के माध्यम से देहदान अंगदान का संकल्प लिया था। स्वर्गीय श्री वर्मा की पार्थिव देह आज प्रातः दस बजे अंतिम यात्रा के बाद अरविंदो मेडिकल कॉलेज को दान स्वरूप भेंट की गई। इस दौरान देहदान अंगदान के प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देहदानियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने का जो निर्णय लिया था, उसके बाद प्रशासन द्वारा इंदौर शहर में पहली बार स्वर्गीय श्री वर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

सरल, सहज हृदय और मृदुभाषी व्यक्तित्व वाले स्वर्गीय श्री वर्मा ने राजवाड़ा स्थित अपनी दवाई की दुकान पर दधीचि देहदान अंगदान समिति का एक बड़ा पोस्टर बनाकर भी लगा रखा था। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक नागरिकों और अपने मित्रों सगे संबंधियों से देहदान और अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरवाते रहे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशुनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी के गणेश बनाने की कार्यशाला आयोजित

उज्जैन । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी के गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का प्रशिक्षण शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में माँ सरस्वती का पूजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अजीता परमार शासी निकाय सदस्य,श्री प्रशांत पौराणिक प्राचार्य,श्री दिनेश खंडेलवाल प्रशासनिक अधिकारी,डॉ.रश्मि शर्मा,श्री जय दीक्षित जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत श्री महाकाल के दुपट्टे भेंट कर किया गया ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती परमार ने कहा कि हमारी धार्मिक आस्था को पर्यावरण के साथ जोड़ते हुए मिट्टी के गणेश सिद्ध गणेश अभियान में पर्यावरण का संरक्षण एवं धार्मिक भावना जनमानस से जोड़ने का कार्य परिषद के माध्यम से किया जा रहा है यह कार्य पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठान में भी सहायक सिद्ध होगा।

डॉ प्रशांत पौराणिक ने कहा कि माटी के गणेश÷ का अर्थ मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा है, और गणेश की महत्ता, पूजा विधि, महत्व से पर्यावरण-हितैषी गणेश पूजा को बढ़ावा देने, नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने,और घर की समृद्धि व शांति के लिए मिट्टी के गणपति की पूजा के लाभों पर केंद्रित होता। प्रशिक्षण श्री विक्रांत शाह के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर, छात्रों,जन अभियान परिषद से विकास समन्वयक मोहन सिंह परिहार,अरुण व्यास, परामर्शदाता राजेश रावल, विकेंद्र शर्मा, कैलाश यादव एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा सहभागिता की गई।

# श्री आदेश्वर चन्दप्रभु नयापुरा जन्मवाचन महोत्सव में आज उमड़ेगा श्रद्धा का सागर

## नयापुरा धर्मशाला में आज दोपहर 2 बजे से आरम्भ होगा जन्म वाचन

उज्जैन। आचार्य श्री अशोक सागारसूरिश्वर जी म.सा. के पावन सान्निध्य में नयापुरा धर्मशाला में आज 24 अगस्त रविवार दोपहर 2 बजे से जन्म वाचन आरम्भ होगा।



श्री आदेश्वर चन्दप्रभु ट्रस्ट नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि आज का दिन जैन समाज के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होने जा रहा है। पावन वातावरण, आध्यात्मिक उमंग और धर्म-भक्ति की धारा के बीच श्री आदेश्वर चंदाप्रभु का जन्मवाचन आज दोपहर 2 बजे से श्री जैन ओसवाल धर्मशाला, नयापुरा में प्रारम्भ होगा। इस पावन अवसर पर आचार्य श्री अशोकसागारसूरिश्वर जी म. सा.आदि ठाना 8 के मंगल सान्निध्य में 14 सपना जी का अद्भुत वाचन होगा, जिसमें भगवान के जन्म से जुड़ी दिव्य घटनाओं का श्रवण कर श्रद्धालु अलौकिक आनंद का अनुभव करेंगे। वातावरण धर्ममय होगा, जहां भक्ति गीत, मंगल पाठ और धर्मानुराग से ओतप्रोत समाजजनों की उपस्थिति आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगी। जन्मवाचन उपरांत प्रभावना का लाभ श्रीमान चौधरी अभयकुमारजी, अश्विनकुमारजी, अक्षयकुमारजी मेहता परिवार एवं श्रीमान कनकमलजी, मोतीलालजी कांकरिया परिवार ने लिया है नयापुरा में इस उत्सव को लेकर विशेष उत्साह है। श्रावक श्राविका को धर्म की ओर अग्रसर होने का अनुपम अवसर है धर्मशाला को सुंदर सजावट से सजाया गया है, जहाँ हर कोना श्रद्धा और आस्था की सुगंध से आज महकेगा व 14 सपना जी का वाचन सुनना और आचार्य श्री का सान्निध्य पाना हमारे जीवन का सौभाग्य है, ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता है। सभी से विनम्र विनती है के समय पर जन्म वाचन में पधारे।

## हर्षा रिछारिया ने किये बाबा महाकाल के दर्शन, किन्नर अखाडा मंगलमुखी धाम पहुंची



उज्जैन। प्रयागराज महाकुंभ से ख्याति प्राप्त हर्षा रिछारिया ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किये। तत्पश्चात वे किन्नर अखाडा मंगलमुखी धाम उज्जैन आश्रम में पहुंची। जहां महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 माता सती नंदगिरी के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किये।

महेंद्र कटियार ने बताया कि माता सती नंदगिरी एवं हर्षा रिछारिया ने साथ मिलकर आश्रम में स्थित अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान महादेव के अर्धनारेश्वर स्वरुप शिवलिंग का श्रृंगार, पूजन, अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किये। महामंडलेश्वर माता सती नंदगिरी महाराज ने बताया की वह महादेव के अर्धनारेश्वर स्वरुप के उपासक है और यह उज्जैन।

# लायंस क्लब उज्जैन सम्राट की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ



उज्जैन। रीजन चेयरपर्सन ला. प्रदीप यादव के सार्थक प्रयासों से लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स द्वारा ला. विनोद लुल्ला की अध्यक्षता में लायंस क्लब उज्जैन सम्राट की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला.प्रवीण वशिष्ट रहे। नवीन क्लब अध्यक्ष ला. निलेश पोरवाल, सचिव ला. आकाश लक्षरी, कोषाध्यक्ष ला. पवन पंवार एवं कार्यकारिणी का संस्थापन इंदौर से पधारे संस्थापन अधिकारी एमसीसी ला. कुलभूषण मित्तल ने कराया। शपथ पीडीजी ला. डॉ अजय गुप्ता द्वारा कराई गई। पीएमजेएफ ला. बलबीर सिंह साहनी द्वारा लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स द्वारा प्रायोजित लायंस क्लब उज्जैन सम्राट के गठन के बारे मे बताया गया। डिस्ट्रिक्ट सचिव ला. सुशील पोरवाल एवं जोन चेयरपर्सन ला. संजय शाह मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम दौरान नवीन क्लब के अध्यक्ष ला. निलेश पोरवाल को इंटरनेशनल द्वारा किट भेट की गई। नवीन सदस्यों में ला. संकेत अग्रवाल, ला.अखिलेश बाफना, ला. समीर मंसूरी, सह सचिव ला.बाबूलाल गहलोत, ला अभिषेक गुप्ता, ला सावन नामदेव, ला.नितिन पंवार, अनिल गुजराती, ला. अक्षय पोरवाल, ला.गिरिराज यादव, ला. दुर्गेश पोरवाल, ला. अर्पित राठौर, ला.नीलेश राणा, ला. आनंद अग्रवाल, ला. संदीप पाठक, ला.संजय बंसल, ला. सुनील व्यास, ला. मयूर शर्मा आदि उपस्थित थे। होस्ट क्लब के कोषाध्यक्ष ला. प्रवीण कस्बे, ला. प्रदीप मित्तल, ला. संजय जैन बबली आदि।

# संस्कार भारती के श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन में 111 से अधिक कलाकारों ने दी प्रस्तुति



उज्जैन। संस्कार भारती उज्जैन महानगर द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष मे ÷श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन÷ कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

संस्कार भारती के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की कालिदास अकादमी के संकुल हाल में शहर की लगभग सभी प्रमुख संस्थाओं के 111 से अधिक कलाकारों ने श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन के अंतर्गत नृत्य प्रस्तुतियां दी, इसमें कलाकारों ने नृत्य की सभी शैलियों का समावेश कर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शहर में यह पहला अवसर है, जब एक ही मंच पर आकर नगर की सभी प्रमुख नृत्य संस्थाओं के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी, इसमें कत्थक, शास्त्रीय शैली, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका का मंचन एक ही मंच पर दर्शकों को देखने को मिला। इनमें श्रीकृष्ण और नृत्य का संबंध, श्रीकृष्ण और आज के दौर में उनकी प्रासंगिकता, बंगाली भक्ति नृत्य और लोक नृत्य में पनघट लीला जैसी प्रस्तुतियों पर संकुल हाल दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में उज्जैन नगर की अनेक कला संस्थाओं की नृत्यांगनाओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को नृत्य के माध्यम से मंचित किया गया। मृदंगाचार्य पं. रामदास कला संगम, प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था,श्री सर्वोत्तम नृत्य संस्थान, नृत्य सिद्ध अकादमी, आरंभ कथक नृत्य पाठशाला, लोकायन कला केंद्र, त्रिनेत्रा संस्कृत संस्थान,नृत्याराधना नृत्य मंदिर,नृत्यांतर संगीत कला संस्थान, भव्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, तपस्या सांस्कृतिक संस्था, प्रतिभा संगीत कला संस्थान इत्यादी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई,कार्यक्रम का संयोजन नृत्य गुरु और संस्कार भारती नृत्य विधा प्रमुख प्रतिभा रघुवंशी एलची ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय नाथ संप्रदाय एवं भर्तृहरि गुफा के मठाधीश योगी पीर रामनाथ महाराज ने की, मुख्य अतिथि डॉ.संगीता पलसानिया (सिविल सर्जन उज्जैन) एवं श्रीपाद जोशी थे। कार्यक्रम मे संस्कार भारती के पदाधिकारी दुर्गाशंकर सुर्यवंशी, जयंत तेलंग, अर्चना आपटे तिवारी, पंकज आचार्य, विजयेंद्र वर्मा, संतोष व्यास, गोपाल महाकाल, सुंदरलाल मालवीय, माधव तिवारी एवं अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पं. सुदर्शन अयाचित ने किया एवं आभार प्रदर्शन रितेश पंवार ने किया।

# शनिश्चरी अमावस्या पर अंबे माता मंदिर पर हुआ चलित भंडारा



उज्जैन। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान द्वारा शनिश्चरी अमावस्या पर मोहन नगर चौराहा स्थित अंबे माता मंदिर पर चलित भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों श्रध्दालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। संस्था के हरिसिंह यादव ने बताया कि हर सोमवती व शनिश्चरी अमावस्या पर मोहन नगर में अंबे माता मंदिर पर चलित भंडारा आयोजित किया जाता है। भक्त भोजन प्राप्त करते हैं साथ ही माताजी के दर्शन करते हैं। इसी कड़ी में 23 अगस्त शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था द्वारा आयोजित चलित भंडारे में नेता प्रतिपक्ष रवि राय, शैलेंद्र सिंह परिहार, संजय कोठारी, पंडित अनिरुद्ध पांडे द्वारा श्रध्दालुओं को प्रसादी वितरित की। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर संदीप भाटी, वंश यादव, महेंद्र कटियार सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com